*No. of pages - 12* **(E)**

**MOCK TEST 2016-2017**

**कक्षा : दसवीं**

**विषय : सामाजिक विज्ञान**

**समय : 3 घंटे** **अंक : 90**

***General Instructions:***

1. *This question paper has 30 questions in all. All questions are compulsory.*
2. *The mark of each question has been written against it.*
3. *Questions from 1 to 8, carry one mark each.*
4. *Questions from 9 to 20, carry three marks each. Answer these questions in 80 words.*
5. *Questions from 21 to 28, carry five marks each. Answer these questions in 120 words.*
6. *Questions from 29 and 30 are related to map work. After completing map work, keep it inside your answer sheet and tie up properly.*

***सामान्य निर्देश:***

1. *इस प्रश्न पत्र में कुल 30 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*
2. *प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके अंक लिखे हुए हैं।*
3. *प्रश्न संख्या 1 से 8 तक, सभी प्रश्न एक-एक अंक के हैं।*
4. *प्रश्न संख्या 9 से 20 तक, सभी प्रश्न तीन-तीन अंक के हैं। इनमें से प्रत्येक का उत्तर अधिकतम 80 शब्दों में दें।*
5. *प्रश्न संख्या 21 से 28 तक, सभी प्रश्न पाँच-पाँच अंक के हैं। इनमें से प्रत्येक का उत्तर अधिकतम 120 शब्दों में दें।*
6. *प्रश्न संख्या 29 तथा 30 मानचित्र से संबंधित है। प्रत्येक प्रश्न 3 अंक के हैं। मानचित्र कार्य पूरा करने के बाद उसे उत्तर-पुस्तिका के अंदर रखकर बांध दीजिए।*

1. When did the Jallianwala Bagh massacre occur? 1

जलियांवाला बाग हत्याकांड कब हुआ था? (1919)

2. In which session of Indian National Congress, the demand of Purna Swaraj was formalised? 1

कांग्रेस के किस अधिवेशन में पूर्ण स्वराज की मांग की गई थी?

3. In the layers of which rock, minerals are deposited and accumulated? 1

किन चट्टानों के स्तरों में खनिजों का निक्षेपण और संचयन होता है?

4. Which is the most important mode of transportation in India? 1

भारत में परिवहन का सबसे प्रमुख साधन कौन सा है?

5. Which political party in India seeks to represent and secure power for Dalits, Adivasis and OBC's? 1

भारत में कौन सी राजनीतिक पार्टी दलित, आदिवासी और पिछड़ी जातियों के लिए राजनीतिक सत्ता प्राप्त करने का प्रयास और उनका प्रतिनिधित्व करने का दावा करती है?

6. How much part of the globe is not still under democratic governments? 1

दुनिया के कितने भागों में लोकतांत्रिक शासन नहीं ह?

7. Write any two factors which made the globalization possible. 1

वैश्वीकरण को संभव बनाने वाले किन्हीं दो कारकों को लिखिए।

8. When did Government of India pass Consumer Protection Act? (COPRA) 1

भारत सरकार ने उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम कब पारित किया?

9. What were the different social groups participated in Civil Disobedience Movement? Why did they join the movement? 3

सविनय अवज्ञा आंदोलन में शामिल विभिन्न सामाजिक समूह कौन थे? उन्होंने आंदोलन में हिस्सा क्यों लिया?

10. Mahatma Gandhi said Satygraha as the active resistance, what did he mean to say? 3

महात्मा गांधी ने सत्याग्रह को सक्रिय प्रतिरोध कहा तो इससे उनका क्या आशय था?

11. What is the importance of iron-are? Mention its four major belts in India. 3

लौह अयस्क का क्या महत्व है? इसकी भारत में चार पेटियों का उल्लेख कीजिए।

12. Describe any three physical factors which influenced the location of the industry. 3

उद्योगों की अवस्थिति को प्रभावित करने वाले तीन भौतिक कारकों का वर्णन कीजिए।

13. Classify the industry on the basis of raw material. Give examples also. 3

कच्चे माल के आधार पर उद्योगों का वर्गीकरण कीजिए। उदाहरण भी दें।

14. Describe various kinds of roads in India. 3

भारत में विभिन्न प्रकार की सड़कों का वर्णन कीजिए।

15. Write three consequences of Bolivia movement, "The Water War". 3

बोलिविया में हुए जनसंघर्ष, ''जल युद्ध'' के तीन परिणामों को लिखिए।



ATP Education.com

16. Write three challenges present before political parties. 3

राजनीतिक दलों के समक्ष उपस्थित किन्हीं तीन चुनौतियों को लिखिए।

17. What is democracy? Write two conditions for the success of democracy. 3

लोकतंत्र किसे कहते हैं? लोकतंत्र की सफलता की दो शर्तों को लिखिए।

18. What is multi national company? Write two benefits of multi national companies. 3

बहुराष्ट्रीय कंपनी किसे कहते हैं? बहुराष्ट्रीय कंपनियों के दो लाभ बताइए।

19. How would flexibility in labour laws help companies? Write any three means. 3

श्रम कानूनों में लचीलापन कंपनियों को कैसे मदद करेगा? कोई तीन तरीके लिखिए।

20. Match the following: 3

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Availing details of ingredient of a product | a. | Right to safety |
| 2. | Agmark | b. | Dealing with consumer disputes |
| 3. | Accident due to faulty engine in a scooter | c. | Assured quality certificate of edible oil and packed food items |
| 4. | District consumer court | d. | Global level institution of consumer welfare organisations |
| 5. | Consumer International | e. | Right to Information |
| 6. | Bureau of Indian Standards | f. | Agency that develops standards for goods and services |

निम्नलिखित को समुलित कीजिए:

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | एक उत्पाद के घटकों का विवरण | क. | सुरक्षा का अधिकार |
| 2. | एगमार्क | ख. | उपभोक्ता विवादों के निपटारे से |
| 3. | स्कूटर में खराब इंजन के कारण हुई दुर्घटना | ग. | पैक्ड या डिब्बा बन्द खाद्य तेल तथा खाद्य पदार्थों की सुनिश्चित गुणवत्ता का प्रमाणपत्र |
| 4. | जिला उपभोक्ता अदालत | घ. | उपभोक्ता कल्याण संगठनों की अंतर्राष्ट्रीय संस्था |
| 5. | उपभोक्ता इंटरनेशनल | ङ | सूचना का अधिकार |
| 6. | भारतीय मानक ब्यूरो | च. | वस्तुओं और सेवाओं के लिए मानक विकसित करने वाली एजेंसी |

21. List the different social groups which joined the non-cooperation movement of 1921. Why did Gandhiji decide to withdraw the non-cooperation movement? 5

उन सामाजिक समूहों की सूची बनाइए जिन्होंने 1921 के असहयोग आंदोलन में हिस्सा लिया। गांधी जी ने असहयोग आंदोलन वापस लेने का निर्णय क्यों लिया?

22. What are non-conventional sources of energy? Why solar energy has a bright future in India? Justify your answer with three reasons. 5

गैर परंपरागत ऊर्जा संसाधन क्या है? भारत में सौर ऊर्जा का भविष्य उज्ज्वल क्यों हैं? किन्हीं तीन तर्कों से अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए।

23. Analyse the steps have been taken by National Thermal Power Corporation to protect environment. 5

पर्यावरण संरक्षण के लिए राष्ट्रीय ताप विद्युत गह द्वारा उठाए गए कदमों का विश्लेषण कीजिए।

24. Why are the means of transportation and communication called the life-lines of a nations and its economy? 5

परिवहन तथा संचार के साधन किसी देश की जीवन रेखा तथा अर्थव्यवस्था क्यों कहे जाते हैं?

25. What conclusion can be drawn from the mass struggles of Nepal and Bolivia? Explain it in five points. 5

नेपाल और बोलिविया के जनसंघर्षों से क्या निष्कर्ष निकाला जा सकता है? पाँच बिन्दुओं में इसकी व्याख्या कीजिए।

26. Explain any five suggestions to bring reform in political parties in India. 5

भारत में राजनीतिक दलों में सुधार लाने के लिए किन्हीं पाँच सुझावों की व्याख्या कीजिए।

27. Describe the main characteristics of a democratic system. 5

लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

1990

28. When was consumers protection Act implemented? Which rights have been given to the consumers through this act? 5

उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम किस वर्ष लागू किया गया? इसके तहत उपभोक्ताओं को कौन–कौन से अधिकार दिए गए हैं?

29. a) Two items A and B are shown in the given political outline map of India. Identify these items with the help of following information and write their correct names on the line marked on the map.

A) The places, where the Indian National Congress Session was held in December, 1920

B) The place related to the calling off Non-Cooperation Movement.

b) On the same political outline map of India, locate and label the following item with appropriate symbol:

C) The place from where Gandhi started Civil Disobedience Movement.

a) दिए हुए भारत के राजनीतिक रेखा मानचित्र में A और B दो लक्षण चिन्हित किए गए हैं। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन लक्षणों की पहचान कर मानचित्र में ही चिन्हित रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए :

A) वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का सितम्बर 1920 में अधिवेशन हुआ था।

B) वह स्थान जो असहयोग आंदोलन की समाप्ति से संबंधित है।

b) उसी मानचित्र पर निम्नलिखित को उपयुक्त संकेतों द्वारा दर्शाइए एवं उनके नाम लिखिए :

C) वह स्थान जहाँ से गाँधी जी ने सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू किया था।

**Note: This question is only for visually impaired students for map related question.**

a) A) Where was the session of Indian National Congress in September, 1920 held?

B) Name the place of incident due to which Gandhiji called off Non-cooperation Movement?

b) C) From where Gandhiji started Civil Disobedience Movement?

- **नोट: यह प्रश्न केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए मानचित्र से संबंधित प्रश्न के स्थान पर है।**

a) A) सितम्बर 1920 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन कहाँ हुआ था?

B) किस घटना के कारण गाँधी जी ने असहयोग आंदोलन समाप्त करने का निर्णय लिया।

b) C) गाँधी जी ने सविनय अवज्ञा आंदोलन किस स्थान से प्रारंभ किया?

30. a) Two items A and B are shown in the given outline map of India. Identify these items with the help of following



ATP Education.com

information and write their correct names on the lines marked on the map.

A) Iron ore Mines

B) Terminal Station of North-South corridor.

b) On the same political map of India, locate and label the following item with appropriate symbol.

C) Software Technology Park in Kerala.

a) दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा मानचित्र में A और B पर दो लक्षण दिए गए हैं। लक्षणों की पहचान कर मानचित्र में ही चिन्हित रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए।

A) लौह-अयस्क खानें

B) उत्तर-दक्षिण गलियारे का अंतिम स्टेशन

b) उसी मानचित्र पर निम्नलिखित को उपयुक्त संकेत द्वारा दर्शाइए:

C) केरल में स्थित सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क

**Note: This question is only for visually impaired students for map related question.**

a) A) Name one of the coal mines situated in Jharkhand?

B) Last station of east-west corridor.

b) C) Name the software technology park situated in Kerala.

**नोट: यह प्रश्न केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए मानचित्र से संबंधित प्रश्न के स्थान पर है।**

a) A) झारखंड स्थित एक कोयले की खान का नाम लिखिए।

B) पूरब-पश्चिम गलियारे का अंतिम स्टेशन कौन सा है?

b) C) केरल स्थित सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क का नाम लिखिए।